भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4669
(जिसका उत्तर सोमवार 22 जुलाई, 2019/31 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है)
सुकन्या समृद्धि योजना

4669. श्री नायब सिंह सैनीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना शुरू करने से देश भर में अब तक लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले को इस योजना का लाभ मिला है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क): योजना आरंभ होने से 31/05/2019 तक देश में इस योजना के अंतर्गत कुल 1,70,72,858 बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं।

(ख): **जी**, हां। योजना का लाभ कुरूक्षेत्र जिला सहित हरियाणा में लिया गया है। योजना की शुरूआत से 31/05/2019 तक हरियाणा और कुरूक्षेत्र जिला में कुल क्रमशः 5,68,800 और 9600 खाते खोले गए हैं।

(ग) और (घ): जी, हैं। देशभर में डाक घरों और बैंकों के माध्यम से जनता को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

******